भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *326

उत्तर देने की तारीख 16 मार्च, 2026

सोमवार, 25 फाल्गुन, 1947 (शक)

कौशल उत्कृष्टता केंद्र

***326. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः** **श्री जी. एम. हरीश बालयोगीः**

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्यशील कौशल उत्कृष्टता केन्द्रों (एससीओई) की संख्या का विशेषकर आंध्र प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उपरोक्त राज्य सहित देश भर में इन केंद्रों के लाभार्थियों (पुरुष, महिला और अन्य) की कुल संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उपरोक्त राज्य सहित देश भर में इन केंद्रों के कार्यकरण के लिए आवंटित और जारी की गई तथा उपयोग में लाई गई कुल धनराशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार देश भर में उक्त केंद्रों की संख्या में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 16.03.2026 को श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी और श्री जी. एम. हरीश बालयोगी द्वारा पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *326 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण

(क) से (घ): वर्ष 2019 में, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने कौशल विकास और संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों में पहले से ही कार्य कर रहे संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्रों के रूप में मान्यता देने के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

इन दिशा-निर्देशों के अनुसार, मंत्रालय ने छह संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता प्रदान की है। इन छह उत्कृष्टता केंद्रों का ब्यौरा, साथ ही पिछले पांच वित्त वर्षों (वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25) के दौरान प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या, अनुबंध-I में दी गई है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, एमएसडीई द्वारा मान्यता प्राप्त उत्कृष्टता केंद्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है।

केंद्रीय बजट 2025-26 में पांच राष्ट्रीय कौशल विकास केंद्रों की घोषणा की गई, जिनका उद्देश्य युवाओं को "मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड" विनिर्माण पहल का समर्थन करने के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करना है। इस घोषणा के अंतर्गत, पाठ्यक्रम विकास, प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण, कौशल प्रमाणन ढांचा स्थापित करने और उत्कृष्टता केंद्रों की आवधिक समीक्षा के लिए वैश्विक विशेषज्ञता और साझेदारियों का लाभ उठाने का प्रस्ताव है। यह पहल जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा पर आधारित है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) की क्षमता वृद्धि की परिकल्पना की गई थी।

तत्पश्चात, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन्नत आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल एवं रोजगार क्षमता परिवर्तन (पीएम-सेतु) योजना को मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य देश भर में व्यावसायिक प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्रासंगिकता में सुधार करना है। इस योजना के लिए कुल 60,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। योजना के द्वितीय घटक के तहत, भुवनेश्वर, चेन्नई, हैदराबाद, कानपुर और लुधियाना में स्थित राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में पांच राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की मंजूरी दी गई है। इन पांच उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की अनुमानित लागत को पीएम-सेतु योजना के समग्र वित्तीय परिव्यय में शामिल किया गया है।

अनुबंध-I

दिनांक 16.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 326 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित अनुबंध

एमएसडीई द्वारा मान्यता प्राप्त छह प्रशिक्षण संस्थानों (सीई) का राज्यवार ब्यौरा और पिछले पांच वित्त वर्षों (वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25) के दौरान प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या निम्नलिखित है:

क्रम सं	संस्थान	राज्य	वैधता	पिछले 5 वित्त वर्षों के दौरान प्रशिक्षित उम्मीदवार
1	व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण विद्यालय (एसओवीईटी)	ओडिशा	17.11.2025	23,999
2	राज्य कला एवं शिल्प विकास संस्थान (एसआईडीएसी)	ओडिशा	9.12.2025	526
3	भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई)	गुजरात	25.10.2026	8,75,707
4	जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एक्सआईएमई)	कर्नाटक	25.10.2026	1352
5	इंस्टीट्यूट ऑफ वुड साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईडब्ल्यूएसटी)	कर्नाटक	23.12.2026	7471
6	उत्कृष्टता केंद्र (समुद्री इंजीनियरिंग) आईएनएस शिवाजी	महाराष्ट्र	23.12.2026	20,996

*****